# कार्यालय :— जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अजमेर

निविदा क्रमांक व दिनांक :— 04/29.11.2023

यू.बी.एन. नम्बर :— ...........................

## फोटो स्टेट कार्य हेतु निविदा

अजमेर न्यायक्षेत्र में अजमेर मुख्यालय पर स्थित नकल शाखा में प्रतिलिपियों हेतु फोटो स्टेट कार्य दर संविदा वर्ष 2024 के लिए राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2012 व 2013 के अनुसरण में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मय विवरण कार्यालय समय में लेखाशाखा में कैशियर से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं :—

| क्रं. सं. | विवरण | कार्यावधि | अनुमानित राशि | धरोहर राशि (2 प्रतिशत) | प्रतिभूति राशि(5 प्रतिशत) | निविदा शुल्क | निविदा विक्रय तिथि | निविदा प्राप्ति तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्रीयकृत नकल शाखा में फोटोस्टेट कार्य | वर्ष 2024 | 9,90,000/— | 19,800/— | 49,500/— | 200/— | दिनांक 04—12—2023 से दिनांक 18—12—2023 को दोपहर 12:00 बजे तक | दिनांक 18—12—2023 को दोपहर 1:00 बजे तक | दिनांक 18.12.2023 को सायं 4:30 बजे |

निविदाएं दिनांक 04—12—2023 से दिनांक 18—12—2023 को मध्याह्न 12:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 18—12—2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक प्राप्त की जावेंगी तथा प्राप्त निविदाएं दिनांक 18—12—2023 को ही सायं 04:30 बजे उपस्थिति निविदाओं/प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा का विस्तृत विवरण **https://districts.ecourts.gov.in** व **https://sppp.rajasthan.gov.in** शर्ते विभाग की वेबसाईट पर भी देखी जा सकेंगी। वेबसाईट से फार्म लेने की दशा में फार्म जमा कराते समय उसमें निविदा प्रपत्र मूल्य 200/— रूपये व धरोहर राशि नकद अथवा डी.डी. जो कि **DISTRICT & SESSION COURT, AJMER** के पक्ष में देय हो के नाम से बनाया जाकर निविदा के साथ अवश्य लगावें अन्यथा निविदा प्रपत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष
(फोटो कॉपीयर नियुक्ति समिति)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
संख्या —5, अजमेर

क्रमांक :— 32576—32584

दिनांक :— 29/11/2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. श्रीमान् जिला एवं सैशन न्यायाधीश, अजमेर
2. प्रभारी अधिकारी लेखाशाखा, जिला एवं सैशन न्यायालय, अजमेर
3. सिस्टम ऑफीसर, कार्यालय हाजा को विभागीय पोर्टल http://ecourts.gov.in/Ajmer पर अपलोड करने हेतु।
4. प्रोग्रामर ग्रेड—प्रथम, कार्यालय हाजा को राजस्थान सरकार के पोर्टल के http://sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड करने हेतु।
5. नोंटिस बोर्ड जिला न्यायालय, अजमेर/जिला कलेक्टर कार्यालय,अजमेर/नगर परिषद, अजमेर/संभागीय आयुक्त नोटिस बोर्ड, अजमेर/ सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, अजमेर

अध्यक्ष
(फोटो कॉपीयर नियुक्ति समिति)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
संख्या —5, अजमेर

# कार्यालय – जिला एवं सैशन न्यायाधीश, अजमेर (राजस्थान)

E-mail Address: dc-ajm-rj@nic.in

Tel. No- 0145-2627556

क्रमांक :–

दिनांक :–

## Notice Inviting Bid

Bids for **PHOTOCOPY** For Ajmer Headquarter Courts are invited from interested bidders upto 12:00 P.M. Date 18-12-2023 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state; and https://districts.ecourts.gov.in/ajmer Departmental website.

UBN ......................................................

अध्यक्ष
(फोटो कॉपीयर नियुक्ति समिति)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
संख्या – 5, अजमेर

# कार्यालय :– जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अजमेर

निविदा क्रमांक व दिनांक :– ..............................

यू.बी.एन. नम्बर :– ..............................

## फोटो स्टेट कार्य हेतु निविदा

निविदा फार्म शुल्क रू. 200/– निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि 18–12–2023 समय दोपहर 12:00 बजे तक

निविदा फार्म जमा कराने की अंतिम तिथि 18–12–2023 समय दोपहर 3:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि 18–12–2023 समय सायं 04:30 बजे तक

निविदादाता का नाम व पूर्ण पता ..........................................................................................................................................................................................

निविदा फार्म शुल्क रू. 200/– नकद रसीद संख्या ...................... दिनांक .......................... के द्वारा जमा करा दिए गए हैं।

मैं/हम .............................................................. जिला न्यायालय, अजमेर द्वारा जारी की गई निविदा क्रमांक ................. में वर्णित शर्तों से तथा इस फार्म के साथ संलग्न शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करता हूँ/करते हैं।

### निविदा का विवरण

अजमेर न्यायक्षेत्र की अजमेर स्थित न्यायालयों की प्रतिलिपि शाखा के फोटो स्टेट कार्य हेतु निविदा।

**ठेके की अवधि :–** दिनांक ......................... से .................................. तक

| प्रथम कॉपी की दर | द्वितीय कॉपी की दर | तृतीय व उससे अधिक कॉपी की दर | नक्शा/ए–3 साईज की दर |
|---|---|---|---|
| | | | |

धरोहर राशि रूपये .................................. रसीद संख्या ............................ दिनांक ..................................

फोटो स्टेट मशीन किस कम्पनी की लगाई जायेगी : ..........................................................................

कितनी फोटो स्टेट मशीन लगाई जायेगी : ..........................................................................

हस्ताक्षर निविदादाता

### घोषणा

मै................................................................ घोषणा करता हूँ कि जिन लेख पत्रों(दस्तावेजात) की फोटो स्टेट प्रतियां तैयार की जावेगी उनके संबंध में किसी भी व्यक्ति को सूचना नहीं दूंगा तथा समस्त कार्य में पूर्ण गोपनीयता बरतूंगा।

हस्ताक्षर निविदादाता

नोट :–

1. निविदा फार्म के साथ संस्थान का रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।
2. फोटो स्टेट हेतु उपयोग में लिये जाने वाले कागज का नमूना संलग्न करना अनिवार्य है।

अध्यक्ष
(फोटो कॉपीयर नियुक्ति समिति)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
संख्या –5, अजमेर

# कार्यालय :– जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अजमेर

निविदा क्रमांक व दिनांक :– ..........................

यू.बी.एन. नम्बर :– ..........................

## निविदा की शर्तें

निविदादाता को निम्नांकित शर्तें पूर्ण करना आवश्यक है :–

1. फोटो स्टेट कॉपियर्स प्रतिष्ठान लाईसेंसधारी अथवा रजिस्टर्ड होना चाहिए।
2. सफल निविदादाता को फोटोस्टेट कार्य करने हेतु जिला न्यायालय परिसर, अजमेर में कक्ष उपलब्ध कराया जावेगा। उक्त कक्ष में बिजली का कनेक्शन निविदादाता को स्वयं के खर्चे पर लगावाना होगा तथा निविदा अवधि समाप्ति पर बिजली कनेक्शन हटवाने की जिम्मेदारी भी निविदादाता की होगी। मासिक विद्युत बिल का भुगतान सफल निविदादाता द्वारा किया जाएगा। कक्ष में फोटोस्टेट मशीन, फर्नीचर, स्टेशनरी तथा मशीन चालक की स्वयं को व्यवस्था करनी होगी।
3. सफल निविदादाता द्वारा आधुनिकतम तकनीक की कम से कम दो फोटो स्टेट मशीन स्थापित करनी होगी तथा स्थापित की जाने वाली मशीन से कार्यालय को अवगत कराना होगा।
4. बिजली बंद होने की स्थिति में निविदादाता को जनरेटर द्वारा प्रतिलिपियां तैयार करनी होगी। सफल निविदादाता को जनरेटर की व्यवस्था फोटो स्टेट मशीन स्थापित करते समय ही करनी होगी।
5. फोटो स्टेट प्रतियां तैयार करने के लिए प्रथम प्रति, द्वितीय प्रति व उससे अधिक प्रतियों की न्यूनतम दरें जिन पर प्रतियां तैयार करने के इच्छुक है, अपने निविदा फार्म में अंकित करना आवश्यक है। साथ ही नक्शे/ए–3 साईज की दरें पृथक से अंकित करना होगा।
6. फोटो स्टेट कार्य हेतु गुणवत्तापूर्ण लीगल साईज का पेपर इस्तेमाल करना होगा। ऐसा नहीं करने पर इस कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये कागज पर प्रतिलिपियां तैयार की जावेगी जिसका भुगतान निविदादाता द्वारा किया जायेगा। निविदा फार्म के साथ उपयोग में लिये जाने वाले कागज का नमूना संलग्न करना आवश्यक है। फोटो स्टेट के काम में किये जाने वाला कागज अधिकृत विक्रेता से खरीद किये गये उस बिल की फोटो प्रति किये गय कार्य के भुगतान के बिल के साथ पेश करनी होगी।
7. फोटो स्टेट कापियर्स के लिये यह भी आवश्यक होगा कि प्रत्येक फोटो स्टेट प्रलेख/दस्तावेज की पृथक से रसीद जारी करेंगे एवं एक सामान्य रसीद भी जारी करेंगे।
8. सफल निविदादाता को दस्तावेज की गोपनीयता व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। गोपनीयता भंग किये जाने पर आवश्यक विधिक प्रक्रिया अपनाई जायेगी।
9. निविदादाता को अजमेर स्थित न्यायालयों के लिए रूपये 19,800/– धरोहर राशि जमा करवाकर निविदा फार्म में रसीद नं. व दिनांक अंकित करना होगा।
10. सफल निविदादाता अपने कार्य को सबलेट अथवा भाडे पर नहीं देगा।
11. सफल निविदादाता को अजमेर स्थित न्यायालयों के लिए रूपये 49,500/– प्रतिभूति निक्षेप राशि के रूप में जमा करना अनिवाय होगा।
12. निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार निविदाकर्ता को होगा।
13. एक बार निविदा को जमा कराने पर उसे वापिस लेने का अधिकार नहीं होगा।
14. सफल निविदादाता को निर्धारित प्रारूप में एक बंधपत्र उपरोक्त शर्तों को समाविष्ट करते हुए रूपये 100/– के स्टाम्प पर भरकर देना होगा।
15. ठेका अवधि के दौरान श्रीमान् जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा जारी समस्त आदेशों व निर्देशों की पालना करने हेतु बाध्य रहूंगा।
16. बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
17. कॉपिंग हेतु शुल्क रूपये 1/– राउण्ड फिगर में लिया जायेगा।
18. विवादास्पद मामलों में न्यायिक क्षेत्र अजमेर रहेगा।

हस्ताक्षर निविदादाता

अध्यक्ष
(फोटो कॉपीयर नियुक्ति समिति)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
संख्या –5, अजमेर